Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 अगस्त, 2023

अमेज़न सहयोग संधि संगठन द्वारा अमेज़न शिखर सम्मेलन का आयोजन

- अमेज़न सहयोग संधि संगठन (Amazon Cooperation Treaty Organization- ACTO) एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका उद्देश्य **अमेज़न बेसिन के धारणीय विकास को बढ़ावा देना**" है।
- अमेज़न शिखर सम्मेलन में कोलंबिया ने प्रस्ताव पेश किया कि **वर्ष 2025 तक अमेज़न के 80% हिस्से को वनों की कटाई और क्षरण से बचाए जाने की आवश्यकता है,** लेकिन उसे सभी सदस्यों का समर्थन नहीं मिला।
  - वैज्ञानिक काफी समय से चेतावनी देते आए हैं कि यदि **वनों की संयुक्त कटाई और अमेज़न का निम्नीकरण 20-25% की सीमा को पार कर** जाता है, तो यह इसे एक अपरिवर्तनीय बिंदु तक पहुँचा सकता है जिसका **पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर काफी प्रतिकूल प्रभाव**

//

जीवन प्रमाण

- **पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (DoPPW)** ने **डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (DLC),** जिसे **जीवन प्रमाण** के नाम से जाना जाता है, के व्यापक प्रचार के माध्यम से केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिये जीवनयापन को आसान बनाने हेतु सक्रिय कदम उठाए हैं।
  - निरंतर पेंशन वितरण सुनिश्चित करने के लिये **पेंशनभोगियों** को हर **नवंबर** (अक्तूबर में 80 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिये प्रावधान के साथ) **DLC जमा करना** होगा।
- प्रारंभ में DLC जमा करने में **बायोमेट्रिक तरीके** शामिल थे। इसके बाद MeitY के सहयोग से विभाग ने**आधार डेटाबेस से जुड़ी एक अग्रणी फेस ऑथेंटिकेशन प्रौद्योगिकी प्रणाली** शुरू की।
  - यह नवाचार पेंशनभोगियों को किसी भी **एंड्रॉइड-आधारित स्मार्टफोन के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र बनाने में सक्षम** बनाता

है। इससे बाहरी बायोमेट्रिक उपकरणों पर निर्भरता कम होगी, जिससे प्रक्रिया विशेष रूप से व्यापक आबादी के लिये अधिक सुलभ और किफायती होगी।

- अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, इन दिशा-निर्देशों में शामिल हैं:
    - अभियान हेतु नामित किये गए नोडल अधिकारी।
    - बैनर, पोस्टर और ATM के माध्यम से जागरूकता।
    - डोरस्टेप बैंकिंग और शाखा के दौरे के दौरान प्रौद्योगिकी का उपयोग।
    - आसानी से जमा करने के लिये शिविर और शय्याग्रस्त (वृद्ध या बीमार व्यक्ति) व्यक्तियों हेतु घर पर सुविधा।

GeM: भारत के सार्वजनिक खरीद परिदृश्य को बदलना

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) ने अपने **7वें स्थापना दिवस** को भारत के खरीद परिदृश्य में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में मनाया।

- GeM विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की खरीद की सुविधा के लिये वर्ष 2016 में भारत सरकार के वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया एक ऑनलाइन मंच है।
    - GeM ने **वर्ष 2016 से ₹45,000 करोड़ से अधिक की बचत** की है।
- यह सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और अन्य संगठनों के लिये भी खुला है।
    - GeM ने **दक्षिण कोरिया के KONEPS और सिंगापुर के GeBIZ** जैसे प्रसिद्ध सार्वजनिक खरीद प्लेटफॉर्मों की उपलब्धियों को पीछे छोड़ दिया है।

और पढ़ें...गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM)

कंजंक्टिवाइटिस

भारत में **मानसून के मौसम** के दौरान **कंजंक्टिवाइटिस के मामले** बढ़ रहे हैं, क्योंकि **उच्च आर्द्रता और वर्षा** संक्रमण के संचरण के लिये अनुकूल वातावरण बनाती है।

- **इसे "गुलाबी आँख (Pink Eye)"** के रूप में भी जाना जाता है, कंजंक्टिवाइटिस (Conjunctivitis) **एक आँख की बीमारी है जो कंजक्टिवा** (पतली झिल्ली जो आँख के सफेद भाग को कवर करती है और आंतरिक पलकों को ढक देती है) **की परत की जलन या सूजन है।**
    - इससे प्रभावित आँख में **लालिमा, खुजली, स्राव और दर्द** होता है।
- यह वायरस, **बैक्टीरिया, एलर्जी या अन्य कारकों** के कारण हो सकता है।
    - **वायरल और बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस** दूषित हाथों या सतहों के सीधे संपर्क से **फैल सकता है।**
    - **एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस संक्रामक नहीं है** और एलर्जी के संपर्क में आने से होता है।
- कंजंक्टिवाइटिस को रोकने के लिये व्यक्ति को बार-बार हाथ धोना चाहिये, आँखों को छूने या रगड़ने से बचना चाहिये, व्यक्तिगत वस्तुओं को दूसरों के साथ साझा नहीं करना चाहिये, धूप का चश्मा या सुरक्षात्मक आईवियर पहनना चाहिये तथा उन लोगों से दूर रहना चाहिये जिन्हें कंजंक्टिवाइटिस है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-august-2023